दैनिक भास्कर 22/02/2023

# जीएमएन कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा पर की गोष्ठी



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के हिंदी, संस्कृत व पंजाबी विभाग ने हरियाणा ग्रंथ अकादमी के सहयोग से भारतीय ज्ञान परंपरा का परिभाषिकरण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्रा, डॉ. सीमा कंसल ने भारतीय परंपरा से सभी को उत्तरीय वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बीज वक्ता डॉ. रमाकांत अंगीरस ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से बताते हुए वेद, उपनिषद शास्त्रों के ज्ञान को साधारण से शब्दों में समझाने की कोशिश की। पीयू के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बैजनाथ ने शास्त्र और संपर्क के मर्म को समझाने का प्रयास किया। एसडी कॉलेज से संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष अंगिरस ने पीपीटी के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति व मातृभाषा के संबंधों को बताया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए 80 प्रतियोगिताओं ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त, अनुपमा आर्या, डॉ. कामदेव झा के अलावा डॉ. सुदर्शन गासो, प्रो. वीरेंद्र चौहान व डॉ. अनीश मौजूद रहे।